भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3612
उत्तर देने की तारीख 08.08.2022

पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन कक्षाएं

†3612. श्री दिलीप घोष:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड–19 के दौरान विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य सरकार को आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ऐसे कार्यक्रमों में आकाशवाणी और स्थानीय टीवी चैनलों का उपयोग किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**)

(क) कोविड-19 के दौरान स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य सरकार को आवंटित निधि का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) जैसा कि पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, राज्य द्वारा कोविड-19 महामारी के समय में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिगम हानि से निपटने के लिए निम्नलिखित प्रमुख पहल की गई हैं:

(i). **बांग्लार शिक्षा दुरोभाष:** राज्य ने बांग्लार शिक्षा **दुरोभाष** के तहत कक्षा V से XII के लिए एक समर्पित टोल फ्री नंबर विकसित किया है, जिसमें छात्र अपनी शंकाओं को दूर करने और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए जुड़ सकते हैं। इसके तहत कुल 4.9 लाख कॉल्स आई थीं।

(ii). **गतिविधि कार्यों के माध्यम से शिक्षण:** निर्बाध शिक्षण प्रक्रिया के लिए बंगाली, अंग्रेजी, हिंदी, संथाली, उर्दू माध्यम के लिए गतिविधि कार्यों को बांग्ला शिक्षा पोर्टल पर अपलोड किया गया।

(iii). **बांग्लार शिक्षा पोर्टल** पर कक्षा V से XII के छात्रों के लिए बांग्ला, हिंदी और संथाली माध्यम में शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया की निरंतरता के लिए सभी विषयों की ई–लर्निंग सामग्री ऑडियो–विज़ुअल रूप में banglarshiksha.gov.in (यूट्यूब के माध्यम से भी सुलभ) में पर अपलोड की गई है।

(iv). **टेलीविजन पर लाइव क्लासरूम:** राज्य ने कक्षा VI से XII के छात्रों के लिए दूरस्थ शिक्षा की सुविधा के लिए बांग्लार शिक्षा कक्षाओं का सीधा प्रसारण किया था। सभी

विषयों को कवर करते हुए तीन प्रमुख बंगाली समाचार चैनलों - एबीपी आनंद, ज़ी -24 घंटा और न्यूज 18 बांग्ला पर सीधा प्रसारण किया गया था और 2021-22 में इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल 297 सत्र आयोजित किए गए थे। सभी विषयों के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक छात्रों के परीक्षार्थियों के लिए लाइव क्लासरूम सत्रों की विशेष व्यवस्था की गई है। उत्तर के साथ मॉडल प्रश्न बांग्ला शिक्षा पोर्टल में अपलोड किए जा रहे हैं। ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में दो मुख्य घटक होते हैं - गतिविधि कार्य और ई-लर्निंग सामग्री। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गतिविधि कार्यों के माध्यम से कक्षा कार्य को जारी रखने में मदद करना और प्रदान की गई ई-लर्निंग सामग्री के साथ विषयों को याद करना है, जिसमें मुख्य रूप से विभाग के यू ट्यूब चैनल पर होस्ट किए गए वीडियो ट्यूटोरियल हैं।

(v). **उज्जीबान चर्चा:** प्रति सत्र 40-50 हजार दर्शकों की संख्या के साथ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के छात्रों को शैक्षणिक और मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु विषयों को कवर करते हुए सप्ताह के अंत में वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। इन सत्रों को बांग्लार शिक्षा पोर्टल और एसईडी के फेसबुक पेज पर भविष्य में संदर्भ के लिए संग्रहीत किया गया था।

(vi). **तारुनेर स्वप्नो:** राज्य ने कक्षा-XII के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए यह पहल शुरू की थी। इसके तहत इस कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन मोड में अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए टैबलेट पीसी/स्मार्ट फोन की खरीद के लिए 8.5 लाख छात्रों को प्रति छात्र 10,000 रुपये की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, कक्षा-XII के लिए 10 विषयों पर सिमुलेटेड क्लास रूम और व्याख्यान सत्रों की 110 ऑडियो-विजुअल सामग्री भी ई-पोर्टल 'बांग्लार शिक्षा' और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदान की गई है।

******

अनुलग्नक-I

'पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन कक्षाएं' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री दिलीप घोष द्वारा दिनांक 08.08.2022 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3612 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

समग्र शिक्षा के तहत आईसीटी और डिजिटल पहल के लिए स्वीकृत निधि (आवर्ती + गैर-आवर्ती):

(लाख रुपये में)

घटक	**2020-21**		**2021-22**		**2022-23**		**Total**	
	स्वीकृत निधि	व्यय	स्वीकृत निधि	व्यय	स्वीकृत निधि	व्यय	स्वीकृत निधि	व्यय
आवर्ती सहायता								
दीक्षा (राष्ट्रीय अध्यापक पोर्टल)	23.4	0.0	15.0	0.0	35.0	0.0	**73.40**	**0.0**
आईसीटी और डिजिटल पहल (आवर्ती सहायता)	0.00	0.00	1826.40	1824.00	0.00	0.00	**1826.40**	**1824.00**
कुल-क	**23.40**	**0.00**	**1841.40**	**1824.00**	**35.00**	**0.00**	**1899.80**	**1824.00**
गैर-आवर्ती सहायता								
शिक्षक संसाधन पैकेज (प्राथमिक)	0.00	0.00	0.00	0.00	17729.90	0.00	**17729.90**	**0.00**
नवाचार के तहत प्रत्येक बीआरसी को आईसीटी सुविधा	0.00	0.00	0.00	0.00	2329.60	0.00	**2329.60**	**0.00**
आईसीटी और डिजिटल पहल (गैर-आवर्ती) -डिजिटल हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर (टाइप - I) (प्रारम्भिक)	संचयी (बजट स्वीकृत और व्यय)						**7507.20**	**0.00**
कुल-ख							**27566.70**	**0.00**
कुल योग (क+ख)							**29466.50**	**1824.00**

स्रोत: प्रबंधन

*जून ***2022*** के अनुसार 2022-23 के लिए व्यय विवरण